विस्तृत विज्ञापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(87)RSSB/अर्थना/DLB/भर्ती/2021/1184 दिनांक : 5.10.2021

## –::संशोधित विज्ञप्ति::–

## –::सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन सीधी भर्ती–2021::–

स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के लिये राजस्थान नगरपालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम–1963 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या 02/2021 दिनांक 10.08.2021 को जारी की गई थी :–

| क्र.सं. | पद का नाम | गैर अनुसूचित क्षेत्र | अनुसूचित क्षेत्र | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक अग्निशमन अधिकारी | 27 | 02 | 29 |
| 2. | फायरमैन | 581 | 19 | 600 |

राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 14.09.2021 द्वारा राजस्थान नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा) नियम 1963 के नियम 21 में संशोधन कर सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन के लिए शारीरिक एवं प्रायोगिक अहर्ताऐ ओर जोडी है। इसी अनुसार सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन के पदों पर भर्ती हेतु निम्नानुसार शारीरिक एवं प्रायोगिक अहर्ताऐ जोडते हुऐ पुनः संशोधित विज्ञप्ति जारी की जा रही है। पूर्व में जारी विज्ञप्ति संख्या 02/2021 दिनांक 10.08.2021 की **बिन्दु संख्या 7 : पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता के बिन्दु शारीरिक दक्षता परीक्षण** के नीचे लिखित परीक्षा के साथ–साथ शारीरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में प्रावधान ओर जोडे गये है। अब उक्त दोनो पदो की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 70 अंक की होगी एवं शारीरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा 150 अंक की होगी। अब कुल 220 अंको में से अंतिम वरीयता सूची का निर्धारण किया जायेगा। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियो को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियो को लिखित परीक्षा में न्यूनतम 28 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियो को शारीरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नही दी जायेगी। अंतिम वरीयता का निर्धारण लिखित परीक्षा, शारीरिक एवं प्रायोगिक दक्षता परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर किया जायेगा।

A- लिखित परीक्षा– 70 अंक

B- शारीरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा – 150 अंक

| शारीरिक परीक्षा – 60 अंक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 400 मीटर दौड (15 अंक) | 1.20 मिनट में | 1.25 मिनट में | 1.30 मिनट में | 1.40 मिनट में | 1.40 मिनट से अधिक |
| | | 15 अंक | 10 अंक | 08 अंक | 04 अंक | 00 अंक |
| 2 | लम्बी कूद (कोई समय सीमा नही) (15 अंक) | 12 फीट | 11–12 फीट | 10–11 फीट | 08–10 फीट | 08 फीट से कम |
| | | 15 अंक | 10 अंक | 08 अंक | 04 अंक | 00 अंक |
| 3 | रस्सी पर चढना (कोई समय सीमा नही) (15 अंक) | 15 फीट | 13–15 फीट | 11–13 फीट | 09–11 फीट | 09 फीट से कम |
| | | 15 अंक | 10 अंक | 08 अंक | 04 अंक | 00 अंक |
| 4 | एलूमिनियम अग्निशमन सीढी पर चढना (बिना रूके) (35 फीट ऊंची और 30 सेंटीमीटर चौडी विस्तार सीढी) (कोई समय सीमा नही) (15 अंक) | 30 फीट | 25–30 फीट | 20–25 फीट | 15–20 फीट | 15 फीट से कम |
| | | 15 अंक | 10 अंक | 08 अंक | 04 अंक | 00 अंक |

| प्रायोगिक परीक्षा – 90 अंक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 100 मीटर दौड मय फायरमैन लिफ्ट (मानव शरीर का औसत वजन 50–60 किलो) (20 अंक) | 1 मिनट में | 01–1.10 मिनट में | 1.10–1.20 मिनट में | 1.20–1.30 मिनट में | 1.30 मिनट से अधिक |
| | | 20 अंक | 15 अंक | 10 अंक | 08 अंक | 00 अंक |
| 2 | 15–15 मीटर की दूरी पर उपलब्ध फायर हॉज को जोडने की 45 मीटर फायर हॉज ड्रील (फायर हॉल की लम्बाई 15 मीटर एवं वजन लगभग 12–13 किलो) | 30 सैकण्ड | 31–40 सैकण्ड | 41–50 सैकण्ड | 51–60 सैकण्ड | 60 सैकण्ड से अधिक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अग्निशमन कर्मी सुरक्षा उपकरणों (पी.पी.ई. किट) का उपयोग<br><br>(20 अंक) | स्वयं निहित श्वास उपकरण सेट को पहनना व उसका उपयोग (Wearing / using of Self-contained Breathing Apparatus) (SCBA)<br><br>(समय सीमा 60 सैकण्ड) | फायर सूट को पहनना एवं उसका उपयोग (Wearing / using Fire Suit)<br><br>(समय सीमा 30 सैकण्ड) | हाफ / फुल बॉडी हारनेस को पहनना व उसका उपयोग (Wearing / using of Full/ Half body harness)<br>(समय सीमा 45 सैकण्ड) | अन्य (फायर नोजलो, फायर ब्रान्चों, अग्नि शामक यंत्रों एवं अन्य अग्नि उपकरणो की जानकारी) Others (Identity & knowledge of various fire Nozzles/Branches, Fire Extinguishers & other fire appliances) | |
| | | 06 अंक | 06 अंक | 06 अंक | 02 अंक | |
| 4 | खोज व बचाव (Search & Rescue) (SAR)<br><br>(15 अंक) | धुंए वाले चेम्बर कक्ष से हताहत को बचाने का तरीका ( रेंगते हुए बचाव, बो लैन गांठ से हताहत को खेंचना व पंजे से हताहत को खेंचने में से कोई एक तरीका) (Use of Rescue methods during entry in Smoke Chamber/ Room (Any one method out of Rescue) Crawl/Toe Drag/Bow Line Drag)<br><br>(समय सीमा 60–90 सैकण्ड) | खोज व बचाव उपकरण (कंक्रीट कटर, चीपिंग हेमर, सर्कूलर शॉ में से कोई एक का उपयोग) (Use of SAR appliance (Any one out of Concrete Cutter, Chipping Hammer, Circular Saw) (समय सीमा 60 सैकण्ड) | गांठे व बंधन (ड्रा हिच, बो लाईन, मल्टीपरपज थम्ब नॉट में से कोई दो का उपयोग) (Knots & Lashing (Any two out of Draw Hitch/Bow line/Multi purpose Thumb knot)) (समय सीमा 60 सैकण्ड) | आपात कालीन बचाव तरीके (पीठ पर बैठाना व मानव बैसाखी) (Emergency Methods of Rescue (Pick a back/Human crutch))<br><br>(समय 30 सैकण्ड) | |
| | | 05 अंक | 05 अंक | 03 अंक | 02 अंक | |
| 5 | प्राथमिक उपचार (First Aid)<br><br>(15 अंक) | तिकोनी पट्टियों का उपयोग (सिर की पटटी / जबडे की पटटी / बाजू की झोली) (Use of Triangular Bandages (Head/Jaw/band age/Arm ceiling)) (समय सीमा 60 सैकण्ड) | पुतला / मानव शरीर पर कृत्रिम श्वसन (Artificial Respiration/CP R on manikin/live casualty) (समय सीमा 60 सैकण्ड) | स्ट्रेचर बंधन (Stretcher lashing )<br><br>(समय सीमा 60 सैकण्ड) | हताहत का प्रारंभिक आकलन (Initial assessment method during handling of casualty) (समय 30 सैकण्ड) | |
| | | 05 अंक | 05 अंक | 03 अंक | 02 अंक | |

**विज्ञप्ति संख्या 02/2021 दिनांक 10.08.2021 की बिन्दु संख्या 12 परीक्षा शुल्क जमा कराने एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अवधि में भी संशोधन किया जाता है। ऑनलाईन आवेदन भरने एवं शुल्क जमा कराने की अवधि भी बढाई जाती है। अब ऑनलाईन आवेदन भरने एवं शुल्क जमा कराने की अवधि निम्नानुसार होगी:–**

ऑनलाईन आवेदन पत्र राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क, जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.), नेट बैकिंग, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवाकर **दिनांक 07.10.2021 से दिनांक 16.10.2021** को 23.59 बजे तक बोर्ड की वेबसाईट पर भरें जा सकते है (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाऐगा)। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया विज्ञप्ति संख्या 02/2021 दिनांक 10.08.2021 की बिन्दू संख्या 1 में वर्णित है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करे। **जिन अभ्यर्थियो ने इस भर्ती हेतु पूर्व में आवेदन कर दिया है, उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है।**

**नोट :– विज्ञप्ति संख्या 02/2021 दिनांक 10.08.2021 के शेष बिन्दु/शर्ते यथावत रहेंगी।**

(हरि प्रसाद शर्मा)
**अध्यक्ष**